कुआलालंपुर की फ्लाइट शुरू, 165 ने किया सफर

अमौसी एयरपोर्ट से रवाना होता विमान।

लखनऊ। अमौसी एयरपोर्ट से कुआलालंपुर के लिए सीधी उड़ान शुक्रवार रात शुरू हो गई। रात दस बजे एयर एशिया मलयेशिया के विमान ने 165 यात्रियों के साथ टेकऑफ किया।

चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि कुआलालंपुर अंतरराष्ट्रीय गंतव्य के रूप में जुड़ने वाला दसवां एयरपोर्ट है। वहां से फ्लाइट स्थानीय समयानुसार शाम 4:40 बजे उड़ान भरेगी और अमौसी एयरपोर्ट पर रात 9:25 बजे उतरेगी।

अमौसी एयरपोर्ट से विमान रात 10 बजे उड़ान भरकर कुआलालंपुर में देर रात 2:55 बजे उतरेगा। विमान सेवा सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को मिलेगी। अमौसी एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या प्रति सप्ताह 151 से 157 हो गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)